# कार्यालय उप निदेशक कृषि (वि.) जि.प. बाड़मेर

क्रमांक :–प ( ) उ.नि.कृ./जिला स्तरीय तक.सहा. समूह बैठक/2022–23/188 दिनांक :– 25.04.22

## –: *बैठक कार्यवाही विवरण* :–

दिनांक 13.04.2022 को श्रीमान् जिला कलक्टर, बाड़मेर की अध्यक्षता मे खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा वित पोषित पर्यावरण सुविधा के तहत हरित कृषि (Green AgricIture) परियोजना अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय तकनीकि सहायत समूह की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्न अधिकारियों ने भाग लिया–

| क्र.सं. | नाम अधिकारी | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री लोकबंधु | जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष, बाड़मेर। |
| 2 | श्री एस.पी. भादू | उप वन संरक्षक, बाड़मेर |
| 3 | श्री मोहनदान रतनू | मुख्य कार्यकारी अधिकारी जि.प. बाड़मेर। |
| 4 | श्री आर.एन. मरूका | एस.ई.डब्ल्यू.सी.डी.सी. जिला परिषद, बाड़मेर। |
| 5 | डॉ. रतनलाल जीनगर | संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, बाड़मेर। |
| 6 | श्री प्रहलाद सिंह राजपुरोहित | उप निदेशक महिला एवं बालविकास विभाग, बाड़मेर। |
| 7 | श्री वी.एस. सोलंकी | उप निदेशक कृषि विस्तार, बाडमेर। |
| 8 | श्री किशोरीलाल वर्मा | उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा, बाड़मेर। |
| 9 | डॉ. विनय कुमार | वरिष्ठ वैज्ञानिक, केवीके दांता बाड़मेर। |
| 10 | श्री पदमसिंह भाटी | कृषि अधिकारी (पौ.स.) बाड़मेर। |
| 11 | श्री उतमचंद | कृषि अधिकारी उद्यान, बाड़मेर |
| 12 | श्री भूपतसिंह | भू–जल विभाग, बाड़मेर। |
| 13 | श्री विष्णु मीणा | भू–जल विभाग, बाड़मेर। |

सर्वप्रथम सदस्य सचिव श्री वीरेन्द्र सिंह सोलंकी, उप निदेशक कृषि (वि.) बाड़मेर ने जिला कलक्टर महोदय की आज्ञा से सभी प्रतिभागीयो का स्वागत करते अवगत करवाया कि खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) के तहत वित पोषित हरित कृषि (Green Agriclture) परियोजना का जिले मे डेजर्ट नेशनल पार्क तथा आसपास के क्षेत्र मे क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त हेतु प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3) विभाग के आदेश क्रमांक प(37)प्र.सु./अनु–3/2019/ दिनांक 09.10.2019 द्वारा गठित जिला स्तरीय तकनीकि सहायता समूह (TSG) की प्रथम बैठक आयोजित की जा रही है।

योजनान्तर्गत डीएनपी क्षेत्र मे बाड़मेर जिले की 20 ग्राम पंचायतो के 59 राजस्व गांवो एवं डीएनपी क्षेत्र के बाहर की 9 ग्राम पंचायतो के 13 राजस्व गांवो मे परियोजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। परियोजना एफएओ द्वारा 100 प्रतिशत वित पोषित है जिसकी अनुमानित लागत 31.40 करोड़ है तथा इसे मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना है। परियोजना अन्तर्गत आने वाले गांवो की सूची एवं परियोजना क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं एवं प्रस्तावित परियोजना इन्टरवेन्शन की प्रति सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई।

परियोजना क्षेत्र मे प्रमुख मुद्दो अन्तर्गत परम्परागत प्राकृतिक संसाधनों (गोचर, ओरन, खड़ीन) का प्रबंधन, जंगली/आवारा पशुओं की समस्या, पालतू पशुओं के स्वास्थय मे गिरावट, अनियंत्रित चराई से चारागाहो की क्षति एवं प्रोसेपिस जूलीफ्लोरा (विलायती बबूल) से जैव विविधता को नुकसान के संदर्भ मे विस्तृत चर्चा की।

श्रीमान् जिला कलक्टर द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि परियोजना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत एवं राजस्व गांवो की जनसंख्या संबधि आंकड़े विकास अधिकारी, गडरारोड़ एवं भूमि से संबंधित यथा कुल क्षेत्रफल, कृषि योग्य भूमि, सिंचित, असिंचित क्षेत्रफल, बोई जाने वाली प्रमुख फसले, ओरन, गोचर, चारागाह इत्यादि के आंकड़े तहसीलदार गडरारोड़ से अविलम्ब प्राप्त किये जाये, ताकि परियोजना क्षेत्र के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की कार्य योजना तैयार की जा सके। परियोजना क्षेत्र मे आने वाले गांवो मे प्रोसेपिस जूलीफ्लोरा (विलायती बबूल) की समस्यां पर चर्चा करते हुए उप वन संरक्षक श्री एस.पी. भादू ने अवगत कराया कि यह जैव विविधता के लिये



Scanned with OKEN Scanner

भारी समस्या है तथा इससे ग्रसित क्षैत्रों मे पाई जाने वाली प्राकृतिक वनस्पति प्रभावित हो रही है। जिला कलक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इससे प्रभावित क्षैत्र का सर्वे कर उन्मूलन हेतु कार्य योजना तैयार की जाये।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना हेतु उप निदेशक कृषि (वि.) जैसलमेर को आहरण वितरण अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा बाड़मेर जिले मे आने वाले गांवो मे परियोजना से कितनी वितिय सहायता उपलब्ध होगी इसका विवरण उपलब्ध नही है। राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक मे अध्यक्ष महोदय द्वारा इस संदर्भ मे चर्चा करने पर श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव, कृषि द्वारा अवगत कराया कि बाड़मेर जिले हेतु परियोजना अन्तर्गत कितना प्रावधान रहेगा इसकी जानकारी शीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी।

अन्त मे अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जनसंख्या एवं भूमि, ओरन, गोचर एवं चारागाह से संबधित आंकड़े एकत्रित करने के उपरांत जिला स्तरीय तकनीकि समूह की बैठक आयोजित कर कार्य योजना पर चर्चा की जायेगी।

तत्पश्चात् श्रीमान जिला कलक्टर, बाडमेर की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

(वीरेन्द्र सिंह सोलंकी)
सदस्य सचिव एवं
उप निदेशक कृषि (वि.)
जि.प. बाड़मेर
दिनांक :–

क्रमांक :–प ( ) उ.नि.कृ./जिला स्तरीय तक.सहा. समूह बैठक/2022–23/ 188

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. निजी सचिव, श्रीमान् जिला कलक्टर, बाड़मेर।
2. श्रीमान् मुख्य कार्यकारी अधिकारी जि.प. बाड़मेर।
3. उप वन संरक्षक, वन्य जीव, बाड़मेर।
4. जिला वन अधिकारी, बाड़मेर।
5. अधीक्षण अभियंता भू–संरक्षण, बाड़मेर।
6. संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, बाड़मेर।
7. कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाड़मेर।
8. उप निदेशक कृषि पदेन परियोजना निदेशक आत्मा, बाड़मेर।
9. उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, बाड़मेर।
10. सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग, बाड़मेर।
11. सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग, बाड़मेर।
12. सहायक अभियंता भू–जल विभाग, बाड़मेर।
13. सहायक निदेशक उद्यान, बाड़मेर।
14. तहसीलदार, गडरारोड़।
15. विकास अधिकारी, गडरारोड़।

उप निदेशक कृषि (वि.)
जि.प. बाड़मेर

F:\A DD OFFICE 2022-23\All Letter\DNP\Procesing Report 13-04-2022 .docx

Scanned with OKEN Scanner